[श्री बेसरा]

के सिकटिया में होना चाहिये क्योंकि कूलडांगा में ११६ मौजे हैं जब कि सिकटिया में उस से कम हैं। कूलडांगा में आदिवासियों की संख्या भी ज्यादा है। इसलिये मेरा सुझाव है कि सिकटिया में बांध होना चाहिये क्योंकि वहां उसके होने से आदिवासियों का भी ज्यादा फायदा होगा।

इसके बाद मैं शिक्षा के बारे में कहना चाहता हूं कि आदिवासियों को जो वृत्ति दी जाती है वह सब लड़कों को नहीं दी जाती है। किसी लड़के को दी जाती है और किसी को नहीं दी जाती। मैं कहना चाहता हूं कि जैसा कि आश्वासन दिया गया है, सब लड़कों को वृत्ति मिलनी चाहिये।

बिहार स्टेट द्वारा आदिवासियों का एक सेवामंडल खोला गया है। उसमें एक बोर्डिंग भी खोला गया है। उस बोर्डिंग में जो लड़के रहते हैं उनका स्कूलों के साथ कोई संबंध नहीं रहता है। एक आदमी वहां रक्खा गया है, लेकिन वह लड़कों को कंट्रोल नहीं कर सकता है। वहां पर लड़के जरूर रहते हैं लेकिन सुबह और शाम में वहां कभी पढ़ाई नहीं होती है। इसलिये वह जो बोर्डिंग है वह स्कूल के साथ शामिल किया जाय और स्कूल मास्टरों के द्वारा लड़कों को कंट्रोल किया जाय।

जामताड़ा में १०, १२ हाई स्कूल हैं लेकिन कालेज एक भी नहीं है और लड़के वहां से दूर पढ़ने के लिये कालेज नहीं जा सकते हैं। इसलिये मेरा कहना यह है कि इसलिये कि जामताड़ा में सूटेवल पढ़ाई हो सकें, वहां एक कालेज खोला जाना चाहिये और आदिवासियों के लड़कों को शिक्षा दी जानी चाहिये।

संथाल परगना डिस्ट्रिक्ट जो है वह आदिवासियों का एरिया है। उसके लिये सुनने में आता है कि उसे दो भागों में राज्य सरकार बांटना चाहती है। मेरा यह विचार है कि उसको दो भागों में नहीं होना चाहिये बल्कि जैसा आज है वैसे ही रहना चाहिये। यही बात ढेबर कमिशन की रिपोर्ट में भी दी गई है।

ब्लाक्स के जरिये जो काम आदिवासियों को दिया जाता है वह अच्छी तरह से नहीं होता है। वह लोग ठीक तरह से काम नहीं करते हैं। इसलिये अगर वहां पर कोई काम होना है जमीन की खुदाई वगैरह का तो ब्लाक्स के बजाय जो आदिवासियों के जमींदार आदमी हैं जिनको चासी कहा जाता है, उनको लेकर एक कमेटी बना दी जाय और उसके जरिये से काम करवाया जाय। ऐसा किया जायेगा तभी आदिवासियों का भला हो सकता है, नहीं तो नहीं।

सभापति महोदय : आप क्या अभी और बोलना चाहते हैं ?

श्री बेसरा : जी, हां।

सभापति महोदय : इस पर फिर बहस शुरू होगी तब बोलिएगा।

15·30 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

EIGHTH REPORT

Shri Hem Raj (Kangra) I beg to move:

> "That this House agrees with the Eighth Report of the Committee on Private Members' Bill and Resolutions presented to the House on the 5th September, 1962".

Mr. Chairman: The question is:

> "That this House agrees with the Eighth Report of the Committee on Private Members' Bill and Resolutions presented to the House on the 5th September, 1962".

The motion was adopted.